>

Title: Need to equip all oil depots in the country with fire extinguishing equipments to prevent fire accidents.

श्री दिलीपकुमार मनसुखलाल गांधी (अहमदनगर): महोदय, मैं इस सभागृह के माध्यम से आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि जयपुर डिपो में आग लगी थी और उसके बाद एमबी लाल कमेटी का निर्माण हुआ। उस कमेटी ने बहुत से सुझाव दिए, उसके बारे में कई बैठकें हुई, कई निर्णय भी हुए, उसके बाद भी तीन-चार जगह पर आयल डिपो मे आग लगी, चाहे वह आईओसी का हो, बीपीसीएल का हो, एचपीसीएल का हो या ओएनजीसी का हो और इनमें बहुत से लोगों की जान गयी। इसके बाद भी अग्निरोधक उपकरण बिठाने के बारे में बार-बार चर्चा हुई, सुझाव दिए गए, उसके टेंडर निकाले गए, लेकिन टेंडर निकालने के बाद एक साल से ज्यादा समय होने के बावजूद जिस प्रकार से इस कमेटी ने सुझाव दिए थे, उनके माध्यम से जो काम होने चाहिए था, वह हुआ नहीं। इसका क्या कारण है, यह हमारे जेहन में नहीं आया। इसके बावजूद जिन लोगों को इसमें मृत्यु-हानि हो गयी, उनको मुआवजा नहीं मिला। जयपुर की घटना को हुए तीन साल हो गए, लेकिन अभी तक उनको मुआवजा नहीं मिला। हर जगह पर बड़ी-बड़ी दुर्घटनाएं हो रही हैं, फिर भी जिस गति से मंत्रालय काम कर रहा है, परीक्षण कर रहा है, वह सही नहीं है। इसलिए इस पर तुंत कार्यवाही होनी चाहिए। अमेरिका में अभी आग लगी थी, वहां इतना बड़ा हादसा हुआ, लेकिन उन्होंने मात्र छः घंटे मे आग पर काबू पा लिया। हमारे यहां आग लगी और वह 24 घंटे तक चली है। इसलिए इसके लिए तुंत अग्निरोधक बिठाने की कार्यवाही एमबी लाल कमेटी के मुताबिक होनी चाहिए, ऐसी मेरी मांग है।

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): मैं श्री गांधी की स्पीच के साथ एशोशिएट करता हूं।

श्री विष्णु पद राय : महोदय, मैं श्री दिलीपकुमार मनसुखलाल गांधी जी की स्पीच के साथ एशोशिएट करता हूं।